# वक्फ बिल- यूपी में हाईअलर्ट, बर्क बोले-सड़क पर उतरेंगे

## 50 जिलों में फ्लैग मार्च; मौलाना रजवी बोले-सपा ने सबसे ज्यादा वक्फ की जमीनें हड़पीं





**लखनऊ।** लोकसभा में बुधवार को 12 घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। आज यह बिल राज्यसभा में पेश हुआ। बिल को लेकर वाराणसी, मथुरा, आगरा, कानपुर सहित पूरे यूपी में आज दूसरे दिन भी हाई अलर्ट है। बुधवार रात में कई शहरों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। गुरुवार को 50 से अधिक जिलों में फोर्स गश्त कर रही है। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इधर, संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा- हमने इस बिल का विरोध किया। आने वाले समय में लोग इस इतिहास और बिल को पारित करने के तरीके को माफ नहीं करेंगे। अगर आप किसी खास समुदाय को निशाना बनाएंगे तो देश का विकास नहीं होगा। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि इस बिल के आने से मुसलमानों को फायदा होगा। सपा ने सबसे ज्यादा वक्फ की जमीनों को नुकसान पहुंचाया। सपा के समय में वक्फ मंत्री रहे आजम खान ने सबसे ज्यादा वक्फ की जमीनें खुर्दबुर्द (हड़पी) कीं। अब यही लोग सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं।बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, 1986 में मुस्लिम महिला संरक्षण अधिनियम पास हुआ था। इसमें कहा गया था कि अगर तलाकशुदा महिला को देखने वाला कोई नहीं है तो उन्हें वक्फ बोर्ड से महाना भत्ता दिलवाया जाएगा। 2 साल बाद मैंने इस पर प्रश्न किया कि किस वक्फ बोर्ड ने कितने रुपए का प्रावधान किया। 2 साल बाद जवाब आया कि किसी वक्फ बोर्ड ने कोई प्रावधान नहीं किया है। इसका मतलब वक्फ बोर्ड में कहीं न कहीं गड़बड़ है। इसके सुधार की आवश्यकता है। वक्फ संशोधन विधेयक पर भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा- वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने में कोई परेशानी नहीं हुई। यह बिल देश के गरीब मुसलमानों के लिए था। यह उनकी हक की लड़ाई में बहुत काम आएगा। यह बिल उनके बच्चों के भविष्य के लिए था। अखिलेश यादव के बयान पर कहा- उन्हें वक्फ बिल से कोई मतलब नहीं है, वे केवल 2027 के चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। कौशांबी में वक्फ बिल पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा- देश में कुछ लोग मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड कुछ लोगों की निजी जागीर बनकर रह गया था, जहां धांधली और मनमानी होती थी। यह कांग्रेस की साजिश थी, जिसने वक्फ संपत्तियों को अनियंत्रित छोड़ दिया था। अब डीएम की अगुवाई में जमीनों की जांच होगी, जो सही पाया जाएगा, वही वक्फ बोर्ड की संपत्ति होगा। कांग्रेस ने देश को विभाजित करने और भारत माता को बेड़ियों में जकड़ने का काम किया था। जिस तरह कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को बनाए रखकर कश्मीर को भारत से अलग-थलग रखा, उसी तरह वक्फ बोर्ड को भी कुछ लोगों की संपत्ति बना दिया था। लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने पर भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कहा- विपक्ष को हर विषय पर राजनीति करना है।इस बिल से किसी को कोई नुकसान नहीं है। इटावा के सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा- सरकार पर गुजरात के उद्योगपतियों का दबदबा है। देशभर की वक्फ संपत्तियों को उन्हीं को देने की साजिश रची जा रही है। सरकार की मंशा साफ है-वक्फ संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपना।
डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा- वक्फ संपत्तियों को प्रॉपर्टी डीलरों से मुक्त कर समस्त मुस्लिम समाज के हित में बड़ा कदम है। वक्फ बिल के पास होने का श्रेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान और पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह जी की दृढ़ इच्छाशक्ति को जाता है। लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने पर मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा- लोकसभा में कल ये बिल पास हुआ है और अब राज्यसभा में चर्चा हो रही है।

### हमीरपुर की जरिया पुलिस ने जुआं खेलते आठ जुआंडियों को एक लाख छब्बीस हजार दो सौ सत्तर रुपये के साथ किया गिरफ्तार



**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की जरिया पुलिस को अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत जुआं खेलते आठ जुआंडियों को एक लाख छब्बीस हजार दो सौ सत्तर रुपये के साथ दबोचने में बड़ी कामयाबी मिली। जरिया पुलिस ने बताया कि आठ जुआंडियों को हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते क्रेशर पहडिया के पास बने कमरे, ग्राम पहरा से दबोचा गया, जबकि जुआंडियों के कब्जे से 1,12,280 रुपए के साथ ही तलाशी के दौरान 13,990 रुपए के साथ ही 52 अदद ताश के पत्ते बरामद करने में कामयाबी मिली। जुआंडियों के खिलाफ पुलिस ने मु0अ0सं0 48/2025 धारा 13 जुआं एक्ट के साथ दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गये जुआंडियों में खासतौर से थाना क्षेत्र के 27 वर्षीय चंडौत निवासी राघवेन्द्र पुत्र लाखन सिंह, जबकि ग्राम खेड़ाशिलाजीत निवासी सिद्धगोपाल पुत्र स्वर्गीय मंगलदास, जबकि 48 वर्षीय ग्राम न्यूरिया थाना बिंवार निवासी विजयनारायण पुत्र सूरज प्रसाद तिवारी, वही 50 वर्षीय राठ के चिल्ली निवासी अजयभान पुत्र बाबूराम राजपूत, जबकि 55 वर्षीय बिंवार थाना क्षेत्र के लोदीपुर निवासीकृष्णगोपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय भारत सिंह, वही 40 वर्षीय बिंवार के न्यूरिया निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह, जबकि 36 वर्षीय मुस्करा के खडेही लोधन निवासी दिलीप पुत्र इन्द्रजीत राजपूत सहित 35 वर्षीय राठ के बिलरख निवासीधीरेन्द्र सिंह पुत्र श्यामलाल राजपूत शामिल हैं। जबकि जुआंडियों को रफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई रामकुमार, एस आई तुलसीराम, हैड कांस्टेबल जितेन्द्र पाण्डेय, हेड कांस्ट शिवेन्द्र सिंह, ंस्टेबल अभिषेक कुमार, कांस्टेबल अभिनव प्रताप सिंह कांस्टेबल कपिल कुमार सहित कांस्टेबल आशीष रजक शामिल रहे।

## वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया गया



**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** सरस्वती चिल्ड्रेन्स एकेडमी विद्यालय में वार्षिक परीक्षा 2024-25 का परीक्षा में विद्यालय की टापर मायरा सिंह 97.63% और सफल छात्र छात्राओं को अंकपत्र, प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संस्कार संगम के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने कहा कि पढ़ा लिखा समाज ही तरक्की करता है। भविष्य के लिए बच्चों को उचित शिक्षा और मार्ग दर्शन जरूरी है। नगरपालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का बास होता है। स्वस्थ्य मस्तिष्क से ज्ञान की प्राप्ति होती है। बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने पर शिक्षक और अभिभावक ध्यान दें। तभी एक सुंदर समाज बनेगा।डॉ अम्बरीष विश्वकर्मा, राजू मद्धेशिया, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, सचिव ताइक्वांडो एसोसिएशन कुशीनगर दीपक मद्धेशिया ने अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के संस्थापक रामजीत प्रसाद मद्धेशिया, सह संस्थापक कृष्णमुरारी मद्धेशिया ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन और अध्यापिका अन्नू सिंह के सरस्वती वंदना से हुआ।
विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमित मद्धेशिया ने अतिथियों का स्वागत और संचालन मजीबुल्लाह राही ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक प्रमोद सिंह, आरएन गुप्ता, विकास मद्धेशिया, मोहित अग्रहरि, प्रवीण पांडेय, श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती कौशल्या सिंह, श्रीमती आरती गुप्ता, निशा मद्धेशिया, संजना श्रीवास्तव, अन्नू सिंह, कावेरी शर्मा मौजूद रहे।

## चीनी मिल ढ़ाढ़ा परिक्षेत्र में 19 सौ एकड़ खेत में मशीन से हुई गन्ने की बुआई



**संवाददाता**
**कुशीनगर।** गन्ने की उन्नत खेती में काफी बड़ा क्रांतिकारी बदलाव आया है। कृषि यंत्रों के आ जाने से कृषि कार्य में समय और पैसे की बचत हो रही है। अवध चीनी मिल ढ़ाढ़ा परिक्षेत्र में बसंतकालीन गन्ना बुआई कार्य में ऑटोमैटिक केन प्लांटर से एक एकड़ खेत में डेढ़ से दो घंटा समय लग रहा है। अगर नजदीकी खेत में गन्ना बीज उपलब्ध हो तो और कम समय लगेगा।उक्त बातें उ० प्र० गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर के सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने अकटहिया में ऑटोमैटिक केन प्लांटर से रामजीत यादव के खेत में हो रही गन्ना बुआई का निरीक्षण करते हुए कहीं। किसान श्री यादव ने बताया कि इस विधि से समय और पैसे की बचत होती है। आरएमडी पेडी प्रबंधन मशीन से पेडी गन्ना की गुड़ाई आसान हो गई है। चीनी मिल के सहायक गन्ना उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने बताया कि मिल क्षेत्र में 19 सौ एकड़ खेत में गन्ने की बुआई हो गई है। गेहूं काटकर बुआई कराई जाएगी। इसके लिए गन्ना बीज आरक्षित कर दिया गया है। अवध चीनी मिल ढ़ाढ़ा के अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह ने बताया कि गन्ने की खेती।लाभकारी और आसान बनाने के लिए किसानों को छोटा ट्रैक्टर अनुदान पर दिया जा रहा है। चीनी मिल गुड़ाई यंत्र भी दे रही है। गन्ने की कटाई, छिलाई और लदाई के लिए आधुनिक कृषि यंत्र का प्रदर्शन भी खेत पर कराया गया है। किसानों को बिना ब्याज ऋण पर गन्ना बीज दी जा रही है। गन्ना प्रबंधक गया शंकर ने को. 118 गन्ना प्रजाति की उपलब्धता बताई। उप महा प्रबंधक डीडी सिंह ने बसंतकालीन गन्ना बुआई पर चर्चा की और इसके लाभ बताए।

### बेखौफ मोरम माफिया प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से जलधारा में अवैध खनन कर शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना

**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर बेरी के इन्दपुरी मोरम खण्ड-10/6 के दबंग और बेखौफ संचालक गौरी सिंह के इशारे पर इनके गुर्गे प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से नदी की जलधारा में धडल्ले से मोरम का अवैध खनन कर प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जबकि तेज




तर्रार खनन निदेशक माला श्रीवास्तव सहित हमीरपुर डीएम घनश्याम मीना की साफ सुथरी छवि को धूमिल करने का कर रहे हैं काम। वही खण्ड संचालक गौरी सिंह के इशारे पर खण्ड में मोरम की ओवरलोडिंग के साथ ही अवैध परिवहन भी जमकर किया जा रहा है, जबकि शासन को लग रहा है लाखों के राजस्व का चूना। वही खनिज विभाग इस बेखौफ और दबंग खंड संचालक के खिलाफ कार्यवाही की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पा रहा है, ये अपने आप में एक बड़ा सवाल है। जिसके चलते खनिज विभाग की कार्यशैली पर उंगली उठना लाजमी है।

## विधानसभा लखनऊ में युवा संवाद में शामिल सारा खान ने किया कुशीनगर का नाम रौशन




**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के अंजुम बालिका इंटर कालेज सोहसा पट्टी गौसी में एक कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा सारा खान जो युवा संवाद कर विधानसभा लखनऊ में शामिल होकर कुशीनगर गौरव बढाया है । सारा खान को विद्यालय द्वारा समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने कहा कि हमारे कुशीनगर की बेटी सारा खान ने युवा संवाद में शामिल होकर इस विद्यालय और जनपद का नाम तो रोशन किया है और परिवार का मान बढ़ाया है युवाओं को इस बेटी से सीख लेनी की जरूरत है। मंडल अध्यक्ष भाजपा राजेश राव ने कहा कि सारा खान ने पूरे क्षेत्र का नहीं कुशीनगर जिले का नाम रौशन किया और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार कर रही है क्योंकि प्रधानमंत्री ने नारा दिया है कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान को सकार कर रही है इस दौरान युवा संवाद में शामिल सारा खान ने अपने संबोधन में कहा कि हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं युवा संवाद में शामिल होकर। अध्यक्षता शिक्षक दीनानाथ सिंह और संचालन शिक्षक अमिताभ त्रिपाठी ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष शमसाद खान ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पवन दूबे, ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय, पिंटू तिवारी, इशरत जहां, कुंअर मद्धेशिया मौजूद रहे।

# न्यू इंडिया सुगर मिल ढाढा हाटा ने दी 60 टीबी रोगियों को पोषण पोटली



**संवाददाता**
**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली देने का कार्यक्रम के तहत सीएचसी कसया के सभागार में न्यू इंडिया सुगर मिल हाटा द्वारा 60 टीबी रोगियों को प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार दिया गया।
गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिलाक्षयरोग अधिकारी डॉ एसएन त्रिपाठी ने कहा कि पोषण देने के साथ टीबी से लड़ रहे रोगियों का हौसला भी बढ़ाये तथा उनके साथ भावनात्मक जुड़ाव भी रखे। जो व्यक्ति निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को उपचार चलने तक प्रतिमाह पौष्टिक आहार दे रहा है उनको साधुवाद देता हूँ। मैं मिल के प्रबंध तंत्र को इस पुनीत कार्य हेतु शुभकामनाएं देता हूँ। जिनके द्वारा लगातार रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये प्रोटीनयुक्त आहार दिया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि सुगर मिल के चिकित्सक डॉ नवनीत त्यागी ने कहा कि टीबी रोगियों को सेवा करने का जो अवसर हमारे मिल प्रबन्ध को दिया गया। इसके लिये मैं निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र की प्रसंशा करता हूँ। अध्यक्षता कर रहे सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि मैं उन सभी निक्षय मित्रों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जिसके वजह से टीबी रोगीयों के चेहरे पर मुस्कान आ रही है।

संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत एवं आभार एसटीएस शाहिद अंसारी ने किया। इस दौरान एचआर से अंकुर श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट सुबोध उपाध्याय, विनय पाठक, बीसीपीएम प्रकाश, ट्रीटमेंट सपोर्टर अशोक गुप्ता, धनश्याम प्रसाद, रामप्रवेश, रामनगीना यादव उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### ई रिक्शा चालकों और उनके मालिकों का कैम्प लगाकर किया गया वैरिफिकेशन



एआरटीओ-- अमिताभ राय

**संवाददाता**
**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर मौदहा मंडी के नजदीक मौदहा ई रिक्शा यूनियन की मदद से ई-रिक्शा वैरीफिकेशन कैम्प का हुआ आयोजन, जिसमें 200 से ज्यादा ई रिक्शा चालकों और मालिकों को लिस्टिंग किया गया, जिससे उनके बारे में पता लगाया जा सके।
इस वैरीफिकेशन कैम्प में मौदहा एसडीएम राजकुमार गुप्ता, एआरटीओ अमिताभ राय ,सीओ मौदहा विनीता पहल, पीटीओ चंदन पांडेय,टीएसई हरविंदर सिंह,एसओ मौदहा उमेश सिंह , जेई नगर पालिका मौदहा तोताराम,ई रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता साई हरविंदर सिंह ई रिक्शा विक्रेता अर्पित अग्रवाल अतुल परिवार संदीप प्रजापति शैलेंद्र सिंह मौजूद रहे। एआरटीओ अमिताभ राय ने कैम्प में कहा कि में अगर किसी ई रिक्शा को चलाते नाबालिग चालक पाये जाते हैं तो, तो एसे रिक्शों को सीज किया जायेगा जबकि चालकों के पैरेंट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। एक ही परिवार में दो से अधिक ई रिक्शा होने पर यह सिद्ध होगा कि ई-रिक्शा का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है। किराए पर ई रिक्शा संचालित करने वालों के खिलाफ भी होगी कार्यवाही। एसडीम राजकुमार गुप्ता ने पूर्व में कराए गए वैरिफिकेशन कैम्पों की मदद लेने के लिए कहा कि पूर्व में नगरपालिका के किये गये वैरिफिकेशन लिस्ट को आधार बनाकर इसको आगे बढ़ाया जाए जिससे कि वख्त की बचत होगी।पुलिस क्षेत्राधिकारी मौदहा विनीता पहल ने कहा कि वैरिफिकेशन न कराने वालों के ई रिक्शा सीज किए जाएंगे। मौदहा ई रिक्शा यूनियन के अरविंद गुप्ता सहित Mandatory ओमप्रकाश को निर्देशित किया गया कि पांच दिनों के अंदर अपनी वैरिफिकेशन लिस्ट रास्तेवार तैयार कर ले, जिससे कि असत्यापित ई रिक्शा को चेक किया जा सके और उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके। अपंजीकृत ई रिक्शा के खिलाफ कार्रवाही करते हुए एआरटीओ अमिताभ राय सहित पीटीओ चंदन पांडेय ने सात ई रिक्शा सीज किए एवं 17 ई रिक्शा का चालान किया गया। नाबालिग चालक संचालित ई रिक्शा को सुमेरपुर फैक्ट्री एरिया में सीज किया गया सुमेरपुर तिराहे पर एक ई रिक्शा चालक (वाहन स्वामी स्वयं) नशे में संचालित करता हुआ पाया गया जिसका चालान करके उसके परिवार वालों को सौंपा गया।

### मुरादाबाद में मांझे से युवक की गर्दन कटी



**मुरादाबाद।** में बाइक से जा रहे एक युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। युवक वहीं गिरकर तड़पने लगा। लोगों ने कपड़ा बांधकर खून रोकने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे अस्पताल ले गई जहां से दिल्ली रेफर कर दिया गयामुरादाबाद में मांझे से युवक की गर्दन कटी मुरादाबाद में बाइक से जा रहे एक युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। युवक वहीं गिरकर तड़पने लगा। लोगों ने कपड़ा बांधकर खून रोकने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे अस्पताल ले गई जहां से दिल्ली रेफर कर दिया गया। वहीं एक सिपाही भी चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल हुआ है। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मुरादाबाद में दोनों हादसे संभल रोड पर करुला के आसपास के इलाके में हुए। मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी जावेद (22) बुधवार शाम 5 बजे बाइक से कहीं जा रहा था। जयंतीपुर में ख्वाजा वैंक्वेट हाल के पास अचानक जावेद के गले में चाइनीज मांझा फंस गया। जिससे उसकी गर्दन कट गई। युवक के गले से खून की धार बहने लगी। वह बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। जावेद की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक के बाद जावेद को दिल्ली रेफर कर दिया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्ष दर्शी राम सुमेर के अनुसार जावेद अपनी बाइक से तेज रफ्तार में जा रहा था तभी उसकी गर्दन में मांझा फंस गया। तेज रफ्तार में होने से उसकी गर्दन आधी से ज्यादा कट गई। हम लोग दौड़कर उसे पकड़ते तब तक वह बाइक से नीचे गिर गया और तड़पने लगा। सब लोगों ने उसकी गर्दन से मांझा छुड़ाया और पुलिस को सूचना दी।कुछ लोगों ने उसको पानी पिलाने की भी कोशिश की लेकिन घाव ज्यादा गहरा होने से पूरी सड़क में खून ही खून फैल गया। हम लोगों ने कपड़ा बांधकर खून रोकने का भी प्रयास किया लेकिन खून नहीं रुक रहा था। तब तक पुलिस पहुंची और उसे अस्पताल ले गई। वहीं, चाइनीज मांझे की चपेट में आने से संभल रोड पर करुला के पास ब्रजेश नाम का एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। - 6 जनवरी को मेडिकल क्षेत्र में तेजगढ़ी चौराहे के पास चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से बाइक सवार सुहेल की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा उसका दोस्त नवाजिश भी घायल हो गया। मांझे से उसकी नाक कट गई थी।- 7 जनवरी को लालकुर्ती के घोसी मोहल्ला निवासी होमगार्ड आसिफ डयूटी से लौटते समय चीनी मांझे की चपेट में आने से घायल हो गए। इसी मोहल्ले के अब्दुल वाहिद सैफी की दो साल की बेटी इसरा भी चीनी मांझे से गर्दन कटो से गंभीर रूप घायल हो गई। बच्ची की गर्दन पर 15 टांके आए थे। 2 फरवरी को मोहनपुरी के पास चीनी मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। लालकुर्ती निवासी अविनाश का चेहरा और उसके छोटे भाई युवराज का हाथ चीनी मांझे से कट गया। अविनाश के चेहरे पर 12 टांके आए हैं।हथकरघा मांझा पतंग उद्योग संस्था के अध्यक्ष कमाल आसिफ और इसी संस्था के जनरल सेक्रेटरी मो. शमी कहते हैं कि चीन से कोई मांझा नहीं आता है। भारत में ही प्लास्टिक, नाइलॉन से बने मांझे को चाइनीज मांझा कहा जा रहा है। इस चाइनीज कहे जाने वाले मांझे की शुरूआत बैंगलोर में मोनोकाइट नाम की कंपनी ने की।लोगों ने प्लास्टिक के मांझे को पॉपुलर करने के लिए इसे चाइनीज मांझा नाम दे दिया। कांच के टुकड़े, धातु और लोहे के बुरादे को गोंद में मिलाकर मांझे पर चढ़ाया जाता है, जिससे चाइनीज मांझा बनता है। इसके अलावा इस मांझे में कई केमिकल भी मिलाए जाते हैं, जो जान के लिए घातक साबित होते हैं। आमतौर पर पतंग उड़ाने के लिए दो तरह के मांझे का इस्तेमाल होता है। पहला सूती मांझा और दूसरा चाइनीज मांझा। सूती मांझे की अपेक्षा चाइनीज मांझा ज्यादा खतरनाक होता है। यह नायलॉन का बना होता है। इस मांझे पर कांच या मैटेलिक पाउडर से धार भी लगाई जाती है। यही वजह है कि यह सूत के मांझे से ज्यादा शार्प होता है।यह सामान्य मांझे की तुलना में कई गुना धारदार होता है। साथ ही बिजली के तार से संपर्क में आने पर चाइनीज मांझे में करंट भी आ सकता है।वहीं एक सिपाही भी चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल हुआ है। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मुरादाबाद में दोनों हादसे संभल रोड पर करुला के आसपास के इलाके में हुए। मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी जावेद (22) बुधवार शाम 5 बजे बाइक से कहीं जा रहा था।

